Title: Requests to start the work under the Employment Assurance Scheme to utilise the allocated funds in Madhya Pradesh.

डा. राम लखन सिंह (भिण्ड): सभापति महोदय, मैं मध्य प्रदेश के ऐसे क्षेत्र से चुनकर आया हूं, जिसमें भिन्ड और दतिया दो जिले आते हैं। ये दोनों ही जिले बहुत ही पिछड़े हुए हैं। ये जिले पिछड़े हुए होने कारण यहां सुनिश्चित रोजगार योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत ६० प्रतिशत पैसा इन गांवों में जहां सड़कें नहीं हैं, वहां के लिए दिया गया है। लेकिन यहां ७० से ८० प्रतिशत गांव ऐसे हैं, जहां न आने-जाने का रास्ता है, न पीने के पानी की कोई व्यवस्था है, न बिजली की व्यवस्था है, न बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जब मध्य प्रदेश के अन्दर सभी जिलों में सुनिश्चत रोजगार योजना के अन्दर पैसा दिया गया है, तो ये गांव विकास की दृष्टि से उपेक्षित क्यों हैं। वास्तविकता यह है कि यहां के अधिकारी और कर्मचारी तभी काम शुरू करते हैं, जब बरसात का समय आता है। इस प्रकार जितना काम कच्चा यानी मिट्टी का होता है, वह किया हुआ काम दिखा दिया जाता है और बरसात के बाद उस काम का अता-पता नहीं चलता है। इसके पीछे यही नीयत रहती है। मेरा निवेदन है कि इस बार का रुपया भी तुरन्त भिजवाया जाए, लेकिन अनुरोध करता हूं कि जब वास्तव में मौसम खुला होता है, तभी उस काम को किया जाए, नहीं बरसात के साथ दिया गया पैसा भी बह कर चला जाएगा।